तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 मार्च 2026

12 जब उम्मीद लौटी नन्हें सिद्धार्थ को मिला नया...


12 शिक्षक राम प्रसाद साहू कर्मवीर रत्न से सम्मानित


सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

# गर्मी से निपटने की तैयारी, बेलसोंडा फिल्टर प्लांट होगा दुरुस्त

## पीआईसी की बैठक में नागरिकों को सुगमता पूर्वक जल उपलब्ध कराने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका सभाकक्ष में बुधवार को अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में प्रेसिडेंट इन कौंसिल (पीआईसी) की बैठक आहूत की गई। जिसमें नपाध्यक्ष सहित पीआईसी मेंबरों ने नगर विकास के प्रमुख मुद्दों पर सहमति जताई। इस दौरान नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि आज के बैठक में प्रस्तावित एजेंडों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कुल 33 प्रस्तावों को बैठक में रखा। जिसमें सभी ने सहमति जताते हुए तत्काल स्वीकृति के लिए सहमति जताई। साहू ने कहा कि हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं समय पर मिले, इसके लिए सभी को एकमत होकर पालिका व जनहित के कार्यों पर विचार करना होगा। साहू ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए नागरिकों तक जल आपूर्ति सरल एवं सुचारू रूप से हो सके। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों को कराए जाने पर भी उन्होंने जोर दिया।



### इन महत्वपूर्ण विषयों पर लिए गए निर्णय

पीआईसी की बैठक में प्रमुख रूप से जाति एवं निवास संबंधी आवेदनों के निराकरण, ग्रीष्म ऋतु के पूर्व फिल्टर प्लांट बेलसोंडा के मोटर पंप, संयंत्र, उपकरणों की मरम्मत कार्य कराये जाने के संबध में चर्चा हुई। पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को पानी उपलब्ध कराने यह कार्य अत्यंत आवश्यक है। पालिका क्षेत्र के निवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह कार्य महत्वपूर्ण है। जिसे समस्त सदस्यों ने सहर्ष सहमति दी। इसके अलावा 15 वें वित्त की शेष राशि से बिजली बिल का भुगतान करने, निकाय क्षेत्र अंतर्गत वार्डों में पार्षद निधि व अन्य निधि से चबूतरा निर्माण कर पानी टंकी स्थापना कार्य, एबीसी सेंटर का संचालन कार्य के लिए सामग्री क्रय करने, भवन/ भूमि नामांतरण प्रकरणों का आगे बढ़ाने, विभिन्न वार्डों में अध्यक्ष व पार्षद निधि से विभिन्न मरम्मत कार्य, निर्माण कार्य कराए जाने पर प्रस्ताव पारित किए गए। इस तरह कुल 33 एजेंडों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए।

### यह रहे बैठक में मौजूद

इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति गण सुरज नायक, ज्योति रिंकू चंद्राकर, ईश्वरी भोई, गुलशन साहू, जय देवांगन, सीएमओ अशोक सलामे, इंजीनियर हेमंत पिस्दा, साधना अहिरवार, लेखापाल करण यादव, पीडब्ल्यूडी नरेश ध्रुव, विद्युत विभाग से सीताराम तेलक, राजस्व विभाग से दिलीप चंद्राकर, मिशन क्लीन सिटी प्रभारी नौशाद बक्श, यशवंत ठाकुर व अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भावा में एक महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया हीराबाई ध्रुव ने बताया कि 17 मार्च को 11 बजे वह अपने घर के सामने लेखू ध्रुव के घर के बाहर परछी में बैठी थी। उसी समय लेखू ध्रुव शराब के नशे में आया और मेरे घर की परछी पर क्यों बैठी है कहते हुए मारपीट और गाली गलौज करने लगा। आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### खेत में रखी बाइक चोरी

**महासमुंद।** ग्राम सोनदादर खार के खेत से एक बाइक चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कोमल सिंह साहू निवासी वार्ड नं 06 लालपुर ने बताया कि 15 मार्च को 08.30 बजे वह अपने लड़के संजय साहू के साथ अपनी मोटर सायकल होंडा शाईन क्रमांक सीजी-06-एचजी-1270 में ग्राम सोनदादरखार खेत गया था, बाइक को खेत प्लाट के गेट के सामने लॉक कर खड़ी किया था। जिसे अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया।

**अपराध:** जिले के सिंघोड़ा और बागबाहरा थाने में अपराध दर्ज

# गांजा का अवैध परिवहन, दो मामलों में नाबालिग सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा के अवैध परिवहन के दो मामलों में जिले की पुलिस ने एक नाबालिग सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा और बागबाहरा थाने में नारकोटिक एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई।

सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेंकिंग कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच सूचना मिली कि एक बिना



नंबर की केटीएम बाइक में ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर दो व्यक्ति आ रहे हैं। इसके बाद एनएच 53 रोड रेहटीखोल पहुंच कर नाकाबंदी की गई। बाइक को मौके पर रोका गया।

पूछताछ में चालक ने अपना नाम पारस लोधी पिता लल्लू लोधी (18 साल 02 माह) निवासी शाही नाका रोड त्रिपुरी वार्ड शाही नाका पुरूवा थाना गढा जिला जबलपुर मप्र व दूसरा नाबालिग था। पूछताछ करने पर आरोपियों ने मोटर सायकल के बीच सीट में रखे बैग के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताया। उक्त गांजा को कंटामाल ओडिशा से जबलपुर मध्यप्रदेश ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 07 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, कीमत 3,50,000 रुपए, बाइक कीमत 75,000 रुपए मोबाइल को जब्त किया।

### रायपुर के तस्करों से मिला 3.5 किलो गांजा

गांजा के अवैध परिवहन के दूसरे मामले में बागबाहरा पुलिस ने फैमिली ढाबा बागबाहरा के पास उमेश कुमार साहू पिता दशरथ साहू (32 वर्ष) निवासी वार्ड नं 19 नयापारा थाना नयापारा जिला रायपुर और करण साहू पिता महादेव साहू (22 वर्ष) निवासी वार्ड नं 19 नयापारा थाना नयापारा जिला रायपुर के कब्जे से 3 किलो 50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1,50,000 रुपए, बाइक व मोबाइल बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# कार में मिला 21 किलोग्राम चांदी, दो लोगों से पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

टेमरी नाका में वाहनों की जांच के दौरान कोमाखान पुलिस ने एक कार से 21 किलो चांदी के जेवर बरामद किए हैं। मामले में कार में सवार लोगों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि जिले मे अवैध मादक पदार्थ एवं अन्य अवैध हथियार, सामग्रियों के परिवहन रोकथाम हेतु स्थायी चेक पोस्ट एवं मोबाईल चेक पोस्ट लगाकर आने जाने वाले छोटे-बड़े एवं संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है। 17 मार्च को टेमरी नाका में वाहन चेकिंग कार्रवाई के दौरान खरियार रोड ओडिशा की ओर से आ रही एक सफेद रंग की सेलेरियो कार क्रमांक सीजी 04 पीवाय 7882 को रोका गया। चालक ने पूछताछ में अपना नाम टिकेश कुमार साहू पिता स्व.गिरवर लाल साहू (38 वर्ष) बाना थाना उरला जिला रायपुर (छ.ग.) व दूसरे सवार व्यक्ति ने अपना नाम वीरेंद्र प्रधान पिता स्व. दुर्योधन प्रधान (50 वर्ष) वार्ड नं. 56 मठपारा रायपुर थाना टिकरापारा जिला रायपुर (छ.ग.) होना बताए। कार की तलाशी लेने पर बीच सीट में तीन बैगों में रखे सामान के संबंध में पूछताछ करने पर बैग के अंदर विभिन्न प्रकार के चांदी के फैंसी आभूषण रखना तथा ओडिशा से रायपुर लेकर जाना बताया। पुलिस ने उक्त बैगों से विभिन्न प्रकार के चांदी के फैंसी आभूषण कुल 41 पैकेट सहित वजनी 21.089 किग्रा कीमत 54 लाख 60 हजार रुपए को बरामद करते हुए चांदी के आभूषण रखने, परिवहन करने के संबंध में वैध कागजात पेश करने के संबंध में धारा 94 बीएनएसएस के तहत नोटिस जारी किया गया। नोटिस पर वीरेंद्र प्रधान एवं टिकेश कुमार साहू द्वारा संतोषप्रद वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर गवाहों के समक्ष जब्ती की कार्रवाई की गई है।



## अब सीधे व्हाट्सऐप के माध्यम से दर्ज करा सकेंगे शिकायत, दे सकेंगे गुप्त सूचना

- महासमुंद जिला पुलिस की "संवाद" नाम से एक नई डिजिटल पहल, एआई तकनीक से होगा कार्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुलिस और आम जनता के बीच संवाद को आसान, तेज और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस ने "संवाद" नाम से एक नई डिजिटल पहल शुरू की है। यह पहल कांकेर पुलिस के "शिकायत हेल्प डेस्क" अभियान की तर्ज पर लागू की जा रही है, जिसके तहत अब नागरिक सीधे व्हाट्सऐप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे या किसी भी अवैध गतिविधि से जुड़ी गुप्त सूचना पुलिस तक पहुंचा सकेंगे। पुलिस प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि सूचनाकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

**एआई आधारित वर्गीकरण और रियल-टाइम मॉनिटरिंग**

"संवाद" के तहत व्हाट्सऐप चैटबॉट शिकायतों की फोटो या पीडीएफ को पुलिस अधिकारियों द्वारा डैशबोर्ड पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे शिकायतों के त्वरित निराकरण में मदद मिलेगी। एक मोबाइल नंबर से 7 दिनों में केवल एक शिकायत दर्ज की जा सकेगी। शिकायत की अद्यतन स्थिति व्हाट्सऐप के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी।

## आईसक्रीम फैक्ट्री में घुसकर मारपीट आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा स्थित आईसक्रीम फैक्ट्री में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट के कथित आरोप में सिटी कोतवाली द्वारा आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। नांदगांव रोड बेलसोंडा स्थित बिसेन फ्रूड्स कंपनी के संचालक नीरज सिंह बिसेन ने पुलिस से की गई शिकायत में में बताया है कि उसकी फैक्ट्री के विरूद्ध की गई शिकायत की जांच के लिये 16 मार्च को खाद्य विभाग, राजस्व विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की संयुक्त टीम दोपहर 01 बजे पहुंची। जिनके आने के तत्काल बाद कुणाल चंद्राकर, सूर्या चंद्राकर, तोमेश चन्द्राकर तथा अन्य लोग जो कि ग्राम बेलसोंडा तथा ग्राम शिकारीपाली के निवासी है, बिना किसी प्रदर्शन की अनुमति फैक्ट्री में राड एवं डंडा तथा तख्ती लेकर बलपूर्वक अवैधानिक रूप से प्रवेश कर विरोध प्रदर्शन करने लगे तथा आक्रोशित होकर नारेबाजी करते हुये गाली गलौच मारपीट करने लगे। जब प्रार्थी ने उन लोगों को शांतिपूर्वक बात करने तथा जांच टीम को कार्रवाई करने देने का आग्रह किया तब आरोपी गालीगलौच करते हुए फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर लकी साहू और राजेंद्र कहार के साथ मारपीट की। जिससे लकी साहू के गले में एवं राजेंद्र कहार के हाथ में एवं पेट में चोट आई। प्रदर्शनकारियों के द्वारा फैक्ट्री परिसर में मौजूद आयसर फ्रीजर वेन को नुकसान पहुंचाया गया। साथ ही उन गाड़ियों के चार्जर तथा उसमें रखे हुये मोबाईल चार्जर को चोरी कर लिया गया। उक्त लोगों के प्रदर्शन के कारण जांच टीम के द्वारा समय पर कार्रवाई भी नहीं की जा सकी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 324(2), 332(c), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इधर मामला दर्ज होने के बाद ग्राम बेलसोंडा में ग्रामीणों की बैठक हुई जिसमें फैक्ट्री संचालक द्वारा लगाए गए आरोपों को मय प्रमाण प्रस्तुत करने की बात कही गई है।

# सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

दैवीय माता तीर्थ स्थल व ग्राम खल्लारी के जर्जर व बदहाल सड़क का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण के साथ गौरव पथ सड़क निर्माण के बहुचर्चित मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू के नेतृत्व में ग्रामीणजन व क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क सत्याग्रह किया गया। इस दौरान पदयात्रा एवं धरना प्रदर्शन का आयोजन हुआ। पदयात्रा की शुरुआत माता राऊर स्थित खल्लारी मातेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात खल्लारी से नेशनल हाईवे क्रमांक 353 तक दो किलोमीटर का पदयात्रा किया गया। वहीं समापन पश्चात सभा स्थल में प्रशासन की ओर से पहुंचे बागबाहरा नायब तहसीलदार नंदनी वर्मा को राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

आयोजन के दौरान इससे पहले सभा स्थल में पदयात्रियों ने नेशनल हाईवे में खल्लारी प्रवेश द्वार के समीप सड़क किनारे में सभा के रूप में धरना प्रदर्शन, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र में माल्यार्पण के साथ किया। जहां सड़क सत्याग्रह के तहत आयोजित धरना प्रदर्शन को खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू, भण्डारा समिति के अध्यक्ष रमेश तिवारी, सिंघी परिक्षेत्र साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष खेमराज साहू, भीमखोज के पूर्व सरपंच प्रमोद चंद्राकर, खल्लारी के वरिष्ठ ग्रामीण बैसाखु चक्रधारी, कन्हारपुरी के कृषक महेंद्र बंजारे, मिडिया एसोसिएशन के सदस्य गिरवर साहू, व्यवसायी मनहरण गुप्ता, मनोज साहू, राजेन्द्र सेन, तुलस सेन, पंच मोगेश पांडेय, वैष्णव समाज के जिला कोषाध्यक्ष रमनदास वैष्णव, पंच ममता यादव, पूर्व पंच भारती यादव आदि उपस्थितजनों ने भी सभा को संबोधित किया। आयोजन का संचालन मामाभांचा के उपसरपंच कोमल महानंद व अंत में आभार प्रदर्शन खल्लारी उपसरपंच तारेश साहू ने किया।




इस अवसर पर खल्लारी सरपंच पुष्पेंद्र साहू, सेवक राम साहू, करण निर्मलकर, महेंद्र बंजारे, प्रमोद चंद्राकर, देवक साहू, राजु साहू, गोकुल साहू, खेमराज साहू, इन्द्र कुमार चौहान, माखन यादव, मनहरण गुप्ता, बैसाखू चक्रधारी, मिल्लूराम साहू, रमेश तिवारी, गिरवर साहू, कैलाश चंद्राकर, भोजराम यादव, चमन गुप्ता, उदय साहू, नीलकंठ यादव, नईम खान, रामभजन साहू, रमनदास वैष्णव, रामकुमार साहू, पवन पटेल, मनोज साहू, नोहर साहू, ▶▶| शेष पेज 11 पर

**आयोजन समिति ने हर परिवार से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील दोहराई**

# हिंदू नववर्ष आज से, शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवरात्र आरंभ के साथ आज 19 मार्च से हिंदू नववर्ष की भी शुरुआत होने जा रही है। मंदिरों को विशेष तौर पर सजाया जा रहा है वहीं विशेष पूजा की तैयारी भी की जा रही हैं। शहर के चौक चौराहों को बीते कई दिनों से भगवा ध्वज और तोरणों से सजाया जा रहा है।

नूतनवर्षाभिनंदन के लिए हिन्दू नववर्ष उत्सव आयोजन समिति द्वारा आज प्रतिपदा पर भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी है। हिंदू नववर्ष उत्सव आयोजन समिति महासमुंद द्वारा हिंदू नववर्ष चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर 19 मार्च गुरुवार को संध्या 4 बजे से शारदा मंदिर तुमगांव रोड महासमुंद से मां दुर्गा भवानी मंदिर बरोंडा चौक तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर शोभायात्रा का सभी चौक चौराहों पर भव्य अभिनंदन किया जायेगा एवं आतिशबाजी के साथ हिन्दू नववर्ष को आकर्षक एवं भव्य बनाया जाएगा। शोभायात्रा ओवरब्रिज एकता चौक, बग्गा स्टोर्स चौक, स्वामी चौक, कांग्रेस भवन चौक, कचहरी चौक होते हुए बरोंडा चौक दुर्गा मंदिर के पास समापन होगा।

### डीजे साउंड और आतिशबाजी होंगे आकर्षण

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस दौरान सुआ नृत्य (आरंग), पंथी नृत्य, राऊत नाचा, विभिन्न भजन मंडली रोड शो भिलाई, डमरु वादन (महाकाल समिति) एवं गुरुकुल आश्रम कोसरंगी के बटुकों द्वारा विहंगम प्रस्तुति दी जाएगी एवं डीजे साऊंड एवं आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र होगा।

### तैयारी में जुटे आयोजक

आयोजन की भव्यता प्रदान करने के लिए विक्रम ठाकुर, रितेश गोलछा, खिलावन बघेल, शैलेष गुप्ता, प्रमोद चंद्राकर, सुनील पाटिल, नंद कुमारसाहू, अग्रज शर्मा, प्रदीप वर्मा, डॉ. शेष नारायण गुप्ता, हेमंत बघेल, गणेश नायक, महावीर राय, टेकराम सेन, राजू चंदेल, अमन चंद्राकर, राजू दीवान, उमेन्द्र गिरि, नितेश श्रीवास्तव, पप्पू (नीरज वर्मा) भरत साहू, विजय चंद्राकर, एम.आर. विश्वनाथन सहित हिन्दू नववर्ष उत्सव आयोजन समिति के सभी सदस्यगण एवं समस्त नगरवासी इस भव्य आयोजन के लिए तन मन धन से सहयोग प्रदान करते हुए जुटे हुए हैं।

### देवी मंदिरों में आकर्षक लाइटिंग

शहर के कुलदेवी मां महामाया मंदिर समेत सभी देवी मंदिरों में आकर्षक लाइटिंग की गई है। घट स्थापना विशेष मुहूर्त में किया जाएगा। इसके बाद सभी ज्योति प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मंदिर समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इस नवरात्रभर अनेक कार्यक्रम होंगे। सुबह शाम आरती के बाद माता सेवा का कार्यक्रम होगा। वहीं अष्टमी पर पूर्णाहुति के साथ नौ कन्या भोज व भोग भंडारा का आयोजन किया गया है।

## धान की बिक्री रकम वापस मांगने पर आरोपी ने मारपीट कर सोने का चेन छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान बिक्री की शेष रकम को वापस मांगने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट और सोने की चेन छीनने के मामले में सरायपाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आवेदक डिग्रीलाल पटेल पिता हरिशंकर पटेल (47 साल) निवासी मोखापुटका थाना सरायपाली जिला महासमुंद द्वारा आरोपी नीलेश अग्रवाल पिता भरतलाल अग्रवाल (32 साल) निवासी वार्ड नं 06 मेन रोड सरायपाली के विरूद्ध गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर सोने की चेन गले से खींच लेने मामले में परिवाद न्यायालय वैभव घृतलहरे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली में प्रस्तुत करने पर न्यायालय के आदेश 08.08.25 के परिपालन में आरोपी नीलेश अग्रवाल के विरूद्ध के विरूद्ध धारा 378, 294 एवं 506 भा.द.सं. के अंतर्गत प्रारंभिक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया था।

निर्देश के परिपालन के तहत पुलिस ने बताया कि डिग्रीलाल पटेल ने 29 मई 2024 को 49.40 क्विंटल धान का विक्रय 2000 रुपए प्रति क्विटल के दर से कुल 98, 800 रुपए का किया है। जिसपर आरोपी द्वारा उसे 90, 000 रुपए का भुगतान किया गया है तथा शेष राशि 8, 800 रुपए मांगने के लिए जब वह गया तब आरोपी ने गाली गलौज कर मापीट की और रकम वापस करने से मना कर दिया। साथ ही प्रार्थी के गले की सोने की चेन (60 ग्राम) को खींचकर ले गया और देने से इनकार कर रहा है। मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप



### ऋषिकेश व तारिणी का नवोदय में चयन

**मगरलोड**। सरस्वती शिशु मंदिर हसदा नं. 1 से दो विद्यार्थियों ऋषिकेश पटेल पिता यीनेश कुमार पटेल, तारिणी ध्रुव पिता लोमश ध्रुव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कुरुद कक्षा 6वीं के लिए हुआ है। सरस्वती शिशु मंदिर में सन 1998 से अब तक 21 छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। प्रधानाचार्य व समिति के अध्यक्ष तरूण पटेल, उपाध्यक्ष मनोज यादव, सचिव शिवशंकर यादव, सहसचिव देवनारायण, कोषाध्यक्ष युगलकिशोर साहू व सदस्य रोहित कुमार साहू, बाबूलाल बघेल, सुनील कुमार, नंदकुमार शर्मा, बिसहतराम पटेल एवं कांशीराम साहू ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### नवोदय में डाली का चयन

सिर्री। ग्राम फुसेरा निवासी डाली अपनी प्रतिभा और मेहनत से नवोदय विद्यालय में चयनित हुई।



डाली पिता चंद्रशेखर कामड़े शासकीय प्राथमिक शाला फुसेरा में अध्ययनरत हैं। उनके चयन होने पर गांव में हर्ष का माहौल है। संस्था प्रमुख कौशिल्या साहू, संकुल समन्वयक गुमान सिंह साहू ,शिक्षक हेमन साहू, चंद्रशेखर साहू, भुनेश्वरी उईके, भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष डा.लोकेश साहू, पूर्व सरपंच पूजा साहू, सरपंच जमुना राजेन्द्र साहू, नरेंद्र नेताम, संकुल प्राचार्य ने हर्ष जताया है।

### डोहलापारा स्कूल के 8 विद्यार्थियों का नवोदय में चयन



**नगरी**। शासकीय प्राथमिक शाला डोहलापारा के 8 होनहार विद्यार्थियों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। इस सफलता से विद्यालय सहित ग्राम में खुशी और उत्साह का वातावरण है। चयनित विद्यार्थियों में पल्लवी नेताम पिता भुनेश्वर नेताम, खुशबू दास मानिकपुरी पिता लोचनदास मानिकपुरी, तोशिका सूर्यवंशी पिता गोकुल सूर्यवंशी, लावण्या ध्रुव पिता संतराम ध्रुव, छाया देवांगन पिता रोहित देवांगन, रुद्र देवांगन पिता भूषणप्रसाद देवांगन, भाग्यवर्धन साहू पिता तीरथराम साहू एवं भूपेश सोनकर पिता परशुराम सोनकर शामिल हैं।

### यदि नशा करना है तो अच्छे कार्यों, समाज सेवा का करें : डॉ. मनोज

**जीजामगांव**। शासकीय आईटीआई कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम जी जामगांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन विभिन्न गतिविधियां हुईं। नशामुक्ति विषय पर बौद्धिक परिचर्चा आयोजित की गई। इस दौरान उदय साहू ने समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोग विभिन्न अवसरों पर नशा करने के बहाने खोजते हैं, जो एक गंभीर सामाजिक बुराई बनती जा रही है। डॉ. मनोज साहू ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि नशा करना ही है तो अच्छे कार्यों, स्वच्छता और समाज सेवा का करें, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके।

---

श्री बगलामुखी महाअनुष्ठान, दुर्गा सप्तशती पाठ, नवचंडी यज्ञ होगा

# अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर में चैत्र नवरात्रि महा उत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर उमरगांव में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि महा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 19 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च राम नवमी तक विविध धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न होगा। इस दौरान विशेष रूप से श्री बगलामुखी महा अनुष्ठान, दुर्गा सप्तशती पाठ, नवचंडी यज्ञ एवं वैदिक मंत्रोच्चार यज्ञाचार्य पंडित द्वारिका प्रसाद पाण्डेय एवं विद्वान ब्राह्मणों के सान्निध्य में संपन्न कराया जाएगा। यह अनुष्ठान वैदिक एवं तांत्रिक विधि से होगा, जिसमें ऋग्वेदीय सूक्त, श्रीसूक्त, दुर्गासूक्त एवं चंडीपाठ का विशेष समावेश रहेगा।



पंडित द्वारिका प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि नवरात्रि के प्रत्येक दिन विशेष उद्देश्य आधारित अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे, जिनमें शत्रु बाधा, न्यायालय मामलों में विजय, झूठे आरोपों से मुक्ति, वाणी सिद्धि, राजनीतिक सफलता, व्यापारिक उन्नति, संतान प्राप्ति, गृह शांति, रोग निवारण एवं तंत्र बाधा से मुक्ति हेतु विशेष पूजन एवं लक्ष्यार्चन किया जाएगा। प्रतिदिन प्रातः देवी अभिषेक, श्रीसूक्त एवं दुर्गासूक्त पाठ, दुर्गा सप्तशती का क्रमिक पाठ तथा बगलामुखी अनुष्ठान आयोजित होंगे। प्रथम दिवस घट स्थापना, नवग्रह पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा, जबकि नवमी तिथि पर पूर्णाहुति, महाहवन एवं कन्या पूजन के साथ महोत्सव का समापन होगा। बगलामुखी अनुष्ठान में सम्मिलित होने पीले वस्त्र धारण कर आएं एवं हल्दी, चना दाल, सूखी मिर्च आदि सामग्री साथ लाएं।

# आज से चैत्र नवरात्रि शुरू उमड़ेगी आस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)

19 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्रि के महापर्व को लेकर क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के देवी मंदिरों में तैयारी पूरी हो गई है। रंगरोगन सहित लाइट से मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है।

ग्राम चिटौद के शीतला माता मंदिर के अध्यक्ष रघुवीर साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष चैत्र एवं क्वांर नवरात्रि पर मां शीतला में श्रद्धालु मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना करवाते हैं। मुड़खुसरा के मंतराम राजपुरिया ने बताया कि गांव में स्थापित मां दुर्गा मंदिर में दोनों नवरात्रि पर प्रतिदिन माता की सेवा के साथ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। ग्राम कनेरी के कंकालिन मंदिर में भी नवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

मंदिर समिति के जनार्दन सिन्हा, हरिशचंद्र साहू ने बताया कि 19 मार्च को माता की पूजा अर्चना के साथ मनोकामना ज्योति कलश की स्थापाना की जायेगी। नवरात्रि भर विविध धार्मिक कार्यक्रम होंगे। ज्योति कलश हेतु 751 रूपये सहयोग राशि ली जा रही है। इसी प्रकार ग्राम पुरूर के मावली माता मंदिर, ग्राम बालोदगहन, कुम्हारखान, चंदनबिरही, फागुनदाह, कंवर सहित अंचल के सभी देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रि का पर्व पूरे भक्ति भाव एवं श्रद्धा के साथ मनाया जायेगा। इसके लिए मंदिरों में तैयारी पूरी कर ली गई है।




### पेंशनधारी कल्याण संघ का हुआ शपथ ग्रहण

बसना। छग पेंशनधारी कल्याण संघ के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण एवं मासिक बैठक बुधवार को अध्यक्ष भगवान प्रसाद सेठ के निवास ग्राम संत पाली में जिलाध्यक्ष गोस्वमी एवं विछिया के एसबीआई शाखा प्रबंधक की उपस्थिति में हुई। प्रथम सत्र में नए सदस्य गयाराम बुड़ेक अयोध्या प्रसाद मिश्रा एवं महेंद्र कश्यप का अंगवस्त्र एव श्रीफल से स्वागत किया गया। माह मार्च में जीके स्वर्णकार, एके विशी, एसके विशाल, पीएल सिदार का जन्मदिन मनाया गया। 80 वर्ष पूर्ण करने पर स्वर्णकार का स्वागत किया गया। बाद शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। शपथग्रहण जिलाध्यक्ष एवं मैनेजर एसबीआई एव ग्राम सरपंच साव की उपस्थिति अध्यक्ष भगवान प्रसाद सेठ, संरक्षक युधिष्ठिर कर, वालेश्वर प्रधान, वनमाली प्रधान, गोवर्धन विशी, रासविहारी भोई, सच्चिदानन्द त्रिपाठ, उपाध्यक्ष सर्वश्री कमल लोचन प्रधानं, एवी दास, आरएल पटेल, विश्वभर प्रधान, दुर्लभ प्रधान, आरके भोई, एमआर यदु, गजनाथ चौधरी, सचिव आरबी प्रधान, सहसचिव शरद प्रधान, कोषाध्यक्ष वी पात्र, कोषाध्यक्ष टीएल बेहरा, प्रवक्ता पुरुषोतम दीवान, मीडिया प्रभारी जीके स्वर्णकार, सलाहकार मंडल केसी साहू, हेमराज पटेल, एनएल भोई आदि ने पद का शपथ ग्रहण किया।

## अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले लंबित मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सरायपाली**। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले कर्मचारियों और अधिकारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर आवाज बुलंद की। फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एसडीएम (राजस्व) अनुपमा आनंद को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निराकरण की मांग की।

फेडरेशन ने बताया कि पूर्व में भी विभिन्न चरणों के आंदोलनों के माध्यम से शासन-प्रशासन को 11 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में चतुर्थ चरण के आंदोलन के तहत यह ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता (डीए) एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने, 8, 16, 24 और 32 वर्ष में समयमान वेतनमान लागू करने, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने तथा विभिन्न विभागों की वेतन विसंगतियों को दूर करने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ देने, अनुकंपा नियुक्ति पर लगी 10 प्रतिशत सीमा समाप्त करने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने और संविदा व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण जैसे मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए। फेडरेशन ने आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली बंद करने और सेवानिवृत्ति के बाद संविदा नियुक्तियों पर रोक लगाने के साथ ही रिक्त पदों पर जल्द भर्ती की मांग भी रखी है। इस दौरान अनिल पटेल, भोलानाथ नायक, जयंत बारीक, राजेश प्रधान, गणेश चौहान, उपेंद्र साहू, रोशन भोई, अंगद बारिक, लिंगराज देवांगन, जितेंद्र कुमार साहू, चंद्रशेखर पटेल, दमयंती नायक, दुर्वादल दीप, लोकेश पात्र सहित कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नंदी महाराज की हुई प्राण-प्रतिष्ठा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम सांकरा में नंदी भगवान महाराज की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा मंगलवार को श्रद्धा भक्ति के साथ हुई। भक्तगणों के हर-हर महादेव और हर-हर नंदी के जयकारे से पूरा पूजन पंडाल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। शिवलिंग स्थापना पर रामायण कथा एवं हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष मनोज कश्यप, उपाध्यक्ष पवन साहू, कल्याण मत्स्यपाल, सचिव डिगेश्वर साहू, कोषाअध्यक्ष नेहरू साहू, मीडिया प्रभारी राजू साहू सहित नंदी चौक के व्यापारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मां कर्मा के आदर्शों को जीवन में अपनाएं : गौकरण





■ मेंडरका में धूमधाम से मनाई गई कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम मेंडरका में संत माता कर्मा जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। ग्राम के साहू भवन में संत माता कर्मा के छायाचित्र का पूजा पाठ कर ग्राम की गलियों में कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा साहू भवन से शीतला माता मंदिर से नहरपारा भ्रमण करते हुए पुनः साहू भवन पहुंची।

कार्यक्रम में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत, कृष्णकांत साहू तहसील अध्यक्ष कुरूद, हरिनारायण साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष मौरीखुर्द, गौतम साहू, जागेश्वर साहू ने बारी-बारी से उद्बोधन किया। उत्सव में महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा के दौरान भक्तगण पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए और कर्मा गीत पर नृत्य करते हुए पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। समाज के वरिष्ठजनों ने संत माता कर्मा के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

मौके पर कुंजराम साहू अध्यक्ष, हीरूराम साहू सचिव, चमनलाल साहू कोषाध्यक्ष, दुष्यंत साहू सहसचिव, देवेंद्र साहू उपाध्यक्ष, सनत साहू पूर्व अध्यक्ष, चंद्रिका साहू महिला उपाध्यक्ष, चंद्रकला साहू युवा महिला अध्यक्ष, नीरा साहू सदस्य, टामेश्वर युवा अध्यक्ष, नंदिनी साहू संगठन सचिव, सुखदेव साहू संगठन सचिव, जागृति साहू, तिजउराम साहू संरक्षक समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## मां कर्मा त्याग, तपस्या की प्रतीक : ओमनाथ






■ करेली बड़ी में कर्मा जयंती पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

नगर साहू समाज नगर पंचायत करेली बड़ी में तेली समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई।

सामाजिक भवन में मां कर्मा की आराधना कर शोभायात्रा की शुरुआत की गई। सामाजिक भवन से शीतला मंदिर से नगर के विभिन्न वार्डों में कलश शोभायात्रा निकाली गई। समाज की महिलाओं और बच्चों ने सिर में कलश लेकर शोभायात्रा को सफल बनाया। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक सुखीराम साहू ने मां कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को समाज से जुड़ने और नशापान से दूर रहने का आह्वान किया। साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष कृपा राम साहू ने मां कर्मा के बताए मार्ग में चलने प्रेरित किया। परिक्षेत्र साहू समाज उपाध्यक्ष ओमनाथ साहू ने कर्मा माता को त्याग, तपस्या की प्रतीक बताया। नगर साहू समाज के अध्यक्ष नारायणलाल साहू ने कहा जिस तरह मां कर्मा ने तेली समाज को आगे बढ़ाने सेवा और मेहनत की वैसे समाज में एकता, सेवा, समर्पण और सहयोग की जरूरत है। मां कर्मा, रूढ़िवाद और अस्पृश्यता के खिलाफ थी। मौके पर अध्यक्ष नारायण लाल साहू, उपाध्यक्ष गिरिश साहू, सचिव शेषनारायण साहू, संगठन सचिव गौतम साहू गजेंद्र साहू, झालू साहू, कुलेश्वरी साहू, चित्ररेखा साहू, कृपाराम साहू, रामाधार साहू, सुखीराम साहू, अश्वनी साहू, मनबोध साहू, कांशीराम साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

## खुरसेंगा में कर्मा जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्रामीण साहू समाज ग्राम खुरसेंगा के तत्वावधान में मां कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। पूजा- अर्चना कर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डगेश्वर साहू संरक्षक थे। अध्यक्षता डॉ विश्वनाथ साहू मुख्य सलाहकार ने की। विशिष्ट अतिथि तुलेंद्र कुमार साहू सलाहकार, हरिशंकर साहू सरपंच थे। इस दौरान कक्षा 5वीं, 8वीं,10वीं, 12वीं में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। गांव के बुजुर्गों एवं पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष भेषणलाल साहू ने किया।





लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने किया प्रदर्शन

# कर्मचारियों ने रैली निकालकर आवाज बुलंद की

■ मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक नगरी ने लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर राज्य शासन का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान बीआरसी कार्यालय से रैली निकालकर कर्मचारियों ने नारेबाजी की और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा।



फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने बताया कि पूर्व में भी विभिन्न चरणों में पत्राचार एवं आंदोलन के माध्यम से शासन को मांगों से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों एवं अधिकारियों में असंतोष है।

सातवें वेतनमान के अनुरूप महंगाई भत्ता एवं एरियर्स का भुगतान कर उसे जीपीएफ खाते में समायोजित करने, 8, 16, 24 एवं 32 वर्षों में चार स्तरीय पदोन्नति समयमान वेतनमान देने, मध्यप्रदेश की तर्ज पर 300 दिवस तक अर्जित अवकाश नगदीकरण, वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक कर लागू करने तथा शिक्षकों एवं सहायक शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ देने की मांग की गई है। इसके अलावा संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए ठोस नीति बनाने, अनुकंपा नियुक्ति एवं रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने सहित अन्य मांगों को भी प्रमुखता से रखा गया है। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो आगामी समय में चरणबद्ध आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सह संयोजक सुरेंद्र साहू, गिरीश जायसवाल, डीपी ताम्रकार, सुरेंद्र नेताम, रमेश साहू, चंद्रहास शांडिल्य, प्रशांत साहू, महेंद्र बोरझा, मोहर पटेल, अनीत ध्रुव, मदन सेन, चंद्रकांत पाण्डेय, चंद्रप्रकाश कश्यप, महेश सूर्यवंशी, सलीम खान, टीपी शेर, जसवंत नेताम, योगेश कुमार ठाकुर, संगीता मंडावी, यामिनी साहू, अनीता नेताम, संत मरकाम, तेनसिंह साहू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## पिटियाझर में हिंदू नववर्ष का उत्साह, शाखा में हुआ आयोजन



### संत रविदास बस्ती की महाराणा प्रताप शाखा में मनाया गया पर्व

**महासमुंद**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पिटियाझर में संत रविदास बस्ती स्थित महाराणा प्रताप शाखा में हिंदू नववर्ष का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर शाखा परिसर में पारंपरिक तरीके से कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक और प्रेरणात्मक गतिविधियों के माध्यम से नववर्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्र की वार्ड पार्षद कल्पना सूर्यवंशी भी शामिल हुईं। उन्होंने सभी को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और ऐसे आयोजनों को समाज में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने वाला बताया। इस दौरान स्थानीय नागरिक और स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।

## खबर संक्षेप

### भुगतान समाधान योजना बड़ा कदम



**महासमुंद।** छग में भाजपा की सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के लिए मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समधान 2026 योजना के शुभारंभ करने का नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने छग की जनता के हित में लिया हुआ बड़ा कदम बताते कहा कि इस योजना से खास कर बीपीएल घरेलु एवं एग्रीकल्चर से जुडे.उपभोक्तओं के बिजली बिल माफ होंगे।

### सहकारी समितियों में खाद्य का भंडारण

**महासमुंद।** वर्तमान में रबी मौसम समाप्ति की ओर है एवं खरीफ मौसम प्रारंभ होने वाला है। इस परिप्रेक्ष्य में जिले के सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक के भंडारण का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, आज की स्थिति में जिले के सहकारी समितियों में 7282 टन यूरिया, 6196 टन एसएसपी, 2527 टन डीएपी, 1119 टन एमओपी एवं 1437 टन एनपीके उपलब्ध है। कृषकों से अपील की गई है कि वे परेशानियों से बचने के लिए तत्काल उर्वरकों का अग्रिम उठाव करना प्रारंभ करें। माह जुलाई से सितम्बर के बीच यूरिया उर्वरक की मांग ज्यादा रहती है, इसलिए कृषक भाई अपनी रकबे के अनुसार उर्वरकों का उठाव करें। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने निजी विक्रेताओं से अपील की है कि वे बिना लाइसेंस के बीज, खाद एवं कीटनाशी का व्यापार नहीं करें। बिना लाइसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर नियमों के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# भिथीडीह एवं सोनासिल्ली के कमार परिवारों का शत-प्रतिशत निवास प्रमाण पत्र बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदायों के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करना अक्सर आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में चुनौतीपूर्ण रहा है। इसी कड़ी में जिले में पीएम-जनमन अभियान के अंतर्गत आदिम जाति विकास विभाग द्वारा कमार समुदाय के लोगों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध कराकर उन्हें उनके अधिकारों से जोड़ा गया। विभाग द्वारा कमार पीवीटीजी समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए ग्राम भिथीडीह एवं सोनासिल्ली में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से समुदाय के लोगों को उनके मूल अधिकारों से जोड़ते हुए प्राथमिकता के आधार पर जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाए गए।



दोनों ग्रामों में कुल 184 पीवीटीजी आबादी निवासरत है, जिनमें से सभी 184 व्यक्तियों के निवास प्रमाण पत्र सफलतापूर्वक बनाए गए, जिससे उनकी पहचान शासकीय अभिलेखों में सुनिश्चित हो सकी। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों में से 138 व्यक्तियों के जाति प्रमाण पत्र भी जारी किए गए, शेष प्रकरण पैतृक वंशावली में नाम दर्ज नहीं होने के कारण लंबित हैं, जिनके निराकरण की कार्रवाई विभाग द्वारा की जा रही है।

इन प्रमाण पत्रों के प्राप्त होने से समुदाय के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन परिलक्षित हो रहा है। अब बच्चों को शासकीय छात्रवृत्ति एवं उच्च शिक्षा में आरक्षण का लाभ सहजता से प्राप्त हो रहा है, जिससे उनकी शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित हो रही है। वहीं परिवारों को विभिन्न शासकीय योजनाओं, स्वरोजगार कार्यक्रमों एवं अनुदान का लाभ लेने में सुविधा मिल रही है। युवाओं के लिए शासकीय सेवाओं एवं विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं में सम्मिलित होने का मार्ग भी अब प्रशस्त हो गया है, जिससे उनके भविष्य के प्रति नई आशा और आत्मविश्वास विकसित हुआ है। पीएम-जनमन अभियान ने उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए आत्मनिर्भरता एवं सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है। इसके लिए सभी कमार परिवार ने केंद्र एवं राज्य शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## अग्निवीर भर्ती को लेकर व्यायाम शिक्षकों की बैठक आयोजित



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उन्हें भारतीय थल सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित करने अग्निवीर भर्ती को लेकर व्यायाम शिक्षकों की बैठक ली गई। इस अवसर पर अग्निवीर योजना से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश एवं नियमावली की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन सुनिश्चित करना प्राथमिक लक्ष्य है, ताकि जिले के युवा इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकें। व्यायाम शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विद्यालयों एवं क्षेत्रों में युवाओं को प्रेरित करें तथा उन्हें भर्ती प्रक्रिया के लिए तैयार करें। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, रेखराज शर्मा, अंजलि बरमाल, हिना ढालेन, चारु लता गजपाल, एक्स आर्मी ऑफिसर पुरुषोत्तम डडसेना एवं चंद्रहास साहू द्वारा युवाओं के मार्गदर्शन हेतु सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए गए।



### मोरधा में आयोजित श्रीराम कथा में शामिल हुए अशवंत तुषार

**महासमुंद।** ग्राम मोरधा में आयोजित श्रीराम कथा कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार साहू ने कहा कि विश्व की सर्वप्रथम रामायण सनातन धर्म के धार्मिक लेखक तुलसीदास के अनुसार सर्वप्रथम श्रीराम की कथा भगवान श्री शंकर ने माता पार्वती को सुनायी थी। जहाँ पर भगवान शंकर जब पार्वती को भगवान श्रीराम की कथा सुना रहे थे, वहां कागा (कौवा) का एक घोंसला था और उसके भीतर बैठा कागा भी उस कथा को सुन रहा था। कथा पूरी होने के पहले ही माता पार्वती को नींद आ गई, पर उस पक्षी ने पूरी कथा सुन ली। उसी पक्षी का पुनर्जन्म काकभुशुंडि के रूप में हुआ। काकभुशुंडि ने यह कथा गरुड़ को सुनाई। भगवान शंकर के मुख से निकली श्रीराम की यह पवित्र कथा अध्यात्म रामायण के नाम से प्रख्यात है। अध्यात्म रामायण को ही विश्व का सर्वप्रथम रामायण माना जाता है।

# 'पालिका क्षेत्र में टैक्स भुगतान करने वाले गरीब परिवारों को मिले आवास योजना का लाभ'

## उपमुख्यमंत्री ने एक माह पूर्व कहा था, जिनके पास पट्टा नहीं अब उन्हें भी दिया जाएगा आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि एक माह पूर्व कवर्धा में एक कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया को एक लेटर दिखाते हुए कहा था कि वे एक सरकारी आदेश लेकर आए हैं, जिसमें यह लिखा हुआ है कि भले ही आपका आवासीय पट्टा हो या ना हो, काबिज भूमि पर आवास बनाकर दिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि ऐसे हितग्राही जो काफी लंबे समय से नगर पालिका में संपत्ति कर, समेकित कर, मकान टैक्स, नल टैक्स, बिजली बिल अदा कर रहे हैं, उन्हें आवास योजना का लाभ प्रदान



किया जाएगा। इसके लिए पट्टे की आवश्यकता नहीं होगी। शहरी क्षेत्र के उन हितग्राहियों को भी आवास योजना का लाभ मिलेगा जो अपने काबिज भूमि की समस्त प्रकार के टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि उप मुख्यमंत्री के उक्त घोषणा का क्रियान्वयन आज तक छत्तीसगढ़ के किसी भी नगर पालिका क्षेत्र में नहीं हो रहा है। उपमुख्यमंत्री के उक्त बयान के बाद हजारों गरीब परिवारों में एक आस जगी है कि अब उन्हें भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा, जिससे उनके भी पक्के आवास के सपने पूरे होंगे। लेकिन, शर्मा के उक्त बयान के बाद पालिका क्षेत्रों में ना ही किसी प्रकार की इस आशय का आदेश आया है और ना ही इस पर क्रियान्वयन शुरू हुआ है। चंद्राकर ने कहा कि जिस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में पट्टे की अनिवार्यता आवास योजना के लिए जरूरी नहीं है, उसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में भी पट्टे की अनिवार्यता समाप्त कर तत्काल गरीब बीपीएल परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाना चाहिए, जो हितग्राही 20 साल से अधिक समय से नगर पालिका में मकान टैक्स, नल टैक्स, बिजली बिल का भुगतान कर रहे हैं, उनका सर्वे कराकर तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करना चाहिए।

# दृष्टिबाधित दिव्यांग लक्की यादव ने अपने सपनों को ही बना लिया ताकत

**महासमुंद।** लक्की यादव निवासी ग्राम तुमाडबरी, महासमुंद जो दृष्टिबाधित दिव्यांग है। अपने जीवन की कठिन परिस्थितियों को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। दृष्टिबाधित होने के बावजूद लक्की ने अपने सपनों को सीमित नहीं होने दिया, बल्कि उन्हें अपनी ताकत बना लिया। लक्की यादव समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित स्वैच्छिक संस्था फॉर्चुन फाउंडेशन के पूर्व के छात्र है। बचपन से ही लक्की के सामने कई चुनौतियां थीं। जहा सामान्य बच्चों के लिए रोजमर्रा के काम आसान होते हैं, वहीं लक्की को हर कदम पर संघर्ष करना पड़ता था। लेकिन उनके अंदर कुछ कर दिखाने का जज्बा हमेशा जीवित रहा। परिवार, विशेषकर उनके पिता कुमार




यादव का सहयोग और प्रोत्साहन उनके लिए सबसे बड़ी ताकत बना। लक्की ने खेलों में अपनी रुचि को पहचानते हुए एथलेटिक्स को अपना लक्ष्य बनाया। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने लगातार मेहनत की।

वर्ष 2020-21 में पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक तथा वर्ष 2021-22 में 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी पहचान बनाई। वर्तमान वर्ष 2026 में दिल्ली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ से एकमात्र खिलाड़ी के रूप में उनका चयन हुआ। उक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए उन्हें जिला प्रशासन समाज कल्याण विभाग द्वारा आर्थिक सहायता प्रदाय किया गया। प्रतियोगिता में कड़ी मेहनत और समर्पण दिखाते हुए 1500 मीटर दौड़ के पहले दो राउंड में अपनी बढ़त बनाए रखा किंतु अंतिम राउंड में पदक प्राप्त नहीं कर सकें। उन्होंने हार नहीं मानी और 12 मार्च 2026 को 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर जिले, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया।

## जिले में श्रमिकों के पंजीयन नवीनीकरण के लिए मोबाइल कैंप शिविर लगेगा 30 अप्रैल तक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छग असंगठित कर्मकार मंडल के श्रमिकों के पंजीयन, नवीनीकरण के लिए मोबाईल कैंप शिविर आयोजन किया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने बताया कि इन कैंपों का विकासखंडवार अलग-अलग नगरीय निकाय वार्ड, ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। मोबाइल कैंप शिविर जिले में 30 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकासखंड महासमुंद में 16 मार्च को ग्राम चिंगरौद से शिविर का शुरूआत किया गया। इसी तरह 19 मार्च को विकासखंड महासमुंद के ग्राम लाफिनखुर्द एवं विकासखंड पिथौरा के ग्राम जम्हर, 20 मार्च को विकासखंड बसना के ग्राम गढ़पटनी एवं विकासखंड बागबाहरा के ग्राम लिटियादादर में श्रमिक पंजीयन के लिए मोबाइल कैंप आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में पंजीयन नवीनीकरण के लिए आवश्यक मूल दस्तावेज आधार कार्ड (परिवार के सभी सदस्यों का), बैंक पासबुक, मोबाइल साथ लाने एवं असंगठित

# राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिले में 170 परीक्षा केंद्रों के माध्यम से 2 हजार नवसाक्षरों को शामिल करने का लक्ष्य

जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन रविवार 22 मार्च को किया जाएगा। परीक्षा जिले के सभी विकासखंडों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक 170 परीक्षा केंद्रों के माध्यम से आयोजित होगी। जिले में इस महाअभियान के तहत लगभग 2 हजार नवसाक्षरों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु के वे शिक्षार्थी शामिल होंगे, जिन्होंने उल्लास साक्षरता केंद्रों में अध्ययन किया है। परीक्षा में सफल होने वाले शिक्षार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय एवं राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के उद्देश्य से संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम इस अभियान का आधार है, जिसके माध्यम से उन शिक्षार्थियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है जो किसी कारणवश पहले पढ़-लिख नहीं पाए थे। नवसाक्षरों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं स्वयंसेवी शिक्षकों की भूमिका तय की गई है। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और ब्लॉक संसाधन समन्वयकों को अपने-अपने क्षेत्रों में परीक्षा के सफल संचालन के लिए केंद्र अध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जिला एवं विकासखंड स्तर पर मॉनिटरिंग दल गठित किए गए हैं, जो परीक्षा के दिन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष विनय कुमार लंगेह ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास के नवसाक्षरों को परीक्षा में बैठाए जाने में सहयोग करें, ताकि हर नवसाक्षर पढ़-लिखकर विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके।

## कोडार खल्लारी में नवरात्र महोत्सव आज से

**महासमुंद।** नेशनल हाइवे 53 स्थित जय मां खल्लारी मंदिर कोडारबांध तुमगांव में वासंती चैत्र नवरात्र महोत्सव 19 मार्च 2026 से आरंभ होने जा रहा है। अध्यक्ष किशोर चंद्राकर ने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च गुरुवार को घट स्थापना सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर साढे 12 बजे तक ज्योति प्रज्ज्वलित होगी। वहीं 23 मार्च सोमवार को पंचमी माता श्रृंगार पूजा एवं 25 मार्च बुधवार को सप्तमी काल निशा पूजा होगी। इसी प्रकार चैत्र शुक्ल अष्टमी गुरुवार 26 मार्च को दुर्गाष्टमी, अशोका अष्टमी व महाअष्टमी पूजन प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगी। हवन प्रातः 10 से प्रारंभ होगा। पूर्णाहुति दोपहर 1 बजे पश्चात कन्या पूजन व प्रसादी वितरण होगा। चैत्र शुक्ल नवमीं शुक्रवार 27 मार्च को राम नवमीं रामोत्सव पूजन व जंवारा विसर्जन के साथ महोत्सव का समापन होगा। समिति के समस्त पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य अर्जित करने की अपील की है ।



# सरायपाली विद्युत संभाग अंतर्गत बिजली बिलों की महाछूट

## 60 हजार उपभोक्ताओं का 64.20 करोड़ होगा माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सरायपाली विद्युत संभाग अंतर्गत 28655 बीपीएल बिजली कनेक्शनधारी पर करीब 49 करोड़ रुपए बकाया है। समाधान योजना में तय समय पर पंजीयन कर अंतर की राशि भुगतान किया तो इन्हें 42.33 करोड़ रुपए की छूट मिलेगी। केवल 7.05 करोड़ रुपए भुगतान करना होगा। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का लाभ सर्वाधिक छुईपाली, बलौदा, पाटसेंद्री, बसना ग्रामीण, सरायपाली ग्रामीण, गढ़फुलझर और भंवरपुर वितरण केंद्र के ग्रामीणों को मिलेगा। साय सरकार ने बिजली बिल बकायदारों के लिए राहत भरी योजना की शुरूआत किया है। विभाग स्तर पर योजना से राहत देने की पूरी तैयारी में विभाग जुट गया है। योजना के मुताबिक निष्क्रिय बीपीएल उपभोक्ताओं को मूल बकाया में 75 फीसदी और अधिभार में 100 फीसदी छूट दिया जायेगा, निष्क्रिय घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को मूल बकाया में अधिकतम 50 फीसदी और अधिभार में 100 फीसदी तक छूट देने की योजना बनाई गई है। बचत रकम को अधिकतम 6 किश्तों में पटाने की छूट है पर छूट का प्रतिशत इसमें कम होते जाएगा। सरायपाली विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता टीके पटेल ने बताया कि योजना में शामिल होने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 तक की है। इसके लिए उपभोक्ता को अभी से पंजीयन कराने की आवश्यकता है। पंजीयन करने केवल बीपी नंबर और मोबाईल नंबर ही उपलब्ध कराना होगा। मोर बिजली बिल एप अथवा नजदीकी बिजली ऑफिस में पंजीयन हो जाएगा। जागरूकता और पंजीयन करने बुधवार से विभाग के प्रत्येक वितरण केंद्र में साप्ताहिक बाजार व बड़े गांव में शिविर लगाने की शुरूआत कर दी गई है। विभाग ने स्थानीय जनप्रतिनिधि पंचायत प्रतिनिधियों को इस योजना का लाभ लेने विभिन्न माध्यमों से अपील करने का भी आग्रह किया है, ताकि बिजली उपभोक्ताओं को इस छूट योजना का लाभ मिल सके।

# भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम ने थाईलैंड से 3-0 से श्रृंखला जीती

**महासमुंद।** बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ एशिया के तत्वावधान में एवं बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ थाईलैंड द्वारा थाईलैंड के पटाया व राजधानी बैंकॉक में भारत व थाईलैंड के बीच खेली गयी। तीन मैचों के अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन श्रृंखला के पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में भारतीय पुरुष एवं महिला बॉल बैडमिंटन टीम ने थाईलैंड की पुरूष व महिला बॉल बैडमिंटन टीम को 3-0 से पराजित कर क्लीन स्विप करते हुए श्रृंखला पर कब्जा जमाया।

बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव वाई राजा राव ने बताया कि पुरुष वर्ग के पहले मैच में भारत ने थाईलैंड को 35-15,35-



12 से, दूसरे मैच में 35-12,35-13, श्रृंखला के तीसरे व अंतिम मैच में भारत ने थाईलैंड को 35-21,35-23 से पराजित किया। जबकि, महिला वर्ग के पहले मैच में भारत ने थाईलैंड को 35-12,35-14 से, दूसरे मैच में 35-14,35-10 से एवं श्रृंखला के तीसरे व अंतिम मैच में भारत ने थाईलैंड को 35-19,35-21 से पराजित कर श्रृंखला पर कब्जा जमाया। भारतीय बॉल बैडमिंटन टीम खेल के हर क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 3-0 से श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया है। बॉल बैडमिंटन खेल में भारतीय पुरूष व महिला टीम वर्तमान में विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम है। भारत के पारंपरिक खेल बॉल बैडमिंटन में हाल के दिनों में पटना में आयोजित साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन गेम्स, नेपाल, इंडोनेशिया, मलेशिया व थाईलैंड इत्यादि देशों के साथ खेले गए। द्विपक्षीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन कर क्लीन स्वीप किया है।

## तहसील स्तरीय कर्मा माता जयंती समारोह में उमड़ा आस्था का सैलाब, भागवत कथा में शामिल हुए मोक्ष कुमार

**बसना।** तहसील के ग्राम बोहारपार स्थित कर्मा माता मंदिर में आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा माता जयंती समारोह 2026 के अंतर्गत चल रहे श्रीमद भागवत कथा महायज्ञ एवं ज्ञानयज्ञ सप्ताह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। धार्मिक माहौल के बीच क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में मोक्ष कुमार, प्रधान जिला पंचायत सदस्य भी मोर जिला पंचायत मोर गांव बोहारपारा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कथा स्थल पहुंचकर कर्मा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और उज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। मोक्ष कुमार प्रधान ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में आस्था, संस्कार और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा मानव जीवन को सही मार्ग दिखाने का कार्य करती है और समाज को सकारात्मक दिशा देने का माध्यम बनती है। कार्यक्रम में कथा वाचन के साथ-साथ प्रतिदिन भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सहयोग प्रदान किया।

## पेज 9 का शेष

### सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क सत्याग्रह

खिलेश साहू, चोखे सिन्हा, रेशम चक्रधारी, राजेंद्र सेन, विजय साहू, तुलस सेन, फूलसिंग यादव, गयाराम साहू, रूपराम साहू, राजेश सोनी, देवेंद्र दीवान, बसंत निषाद, दीनबंधु साहू, सोनू यादव, कमल सिन्हा, भूपेंद्र ध्रुव, बरूण यादव, यादराम पटेल, कामता यादव, घना निर्मलकर, लुकेश्वर साहू, राजेश मानिकपुरी, डोमेंद्र दिवान, भुनेश्वर सिन्हा, हरिशचंद्र विश्वकर्मा, मोगेश पांडेय, तोषण चक्रधारी, लूलकरण साहू, अवध साहू, आशुतोष मिश्रा, असवंत चौहान, भेखलाल पटेल, नीरज वैष्णव, कुंजलाल निर्मलकर, पुन्नी ठाकुर, ममता यादव, गौरी साहू, रूपेश्वरी चौहान, प्रतिभा यादव, नंदबाई यादव, भारती यादव, रेणुका सोनी, वंदना यादव, निर्मला चक्रधारी, छाया विश्वकर्मा, किरण चौहान, संतोषी बाई सिन्हा, सावित्री बाई सिन्हा, देवकी गुप्ता, राधाबाई दिवान, टोमिन दीवान, माया दीवान, निराबाई दीवान, केशरी विश्वकर्मा, बिंदिया विश्वकर्मा, पार्वती ध्रुव, डेरहिन साहू, सावित्री यादव, अहिमन यादव, रेखाबाई यादव, बिमला यादव, पूनम यादव, दुर्गेश्वरी यादव आदि मौजूद रहे।

**सड़क बदहाल, चौड़ीकरण की मांग करते थक चुके हैं लोग:** नेशनल हाईवे क्रमांक 353 से खल्लारी मातेश्वरी मंदिर तक महज 2 किलोमीटर मार्ग के चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण एवं गौरव पथ निर्माण हेतु राज्य निर्माण के बाद से लगातार मांग किया जा रहा है। नवरात्रि, चैत्र पूर्णिमा मेला एवं विशेष पर्व में हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। जो कि सिंगल सड़क मार्ग होने के कारण यहां पर्व विशेष के दिनों में भीड़ के चलते सड़क में जाम लग जाता हैं। वहीं बरसात के दिनों में गढ्ढों में पानी भर जाने पर यहां से दर्शनार्थीयों व राहगीरों को गुजरना मुश्किल होता है।



## खबर संक्षेप



### संचालक पद पर लगातार चौथी बार निर्वाचित हुए गौरव

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति के 3 वर्ष के कार्यकाल के लिए हुए निर्वाचन में मतदान प्रक्रिया का पालन करते हुए सदस्यों ने पदाधिकारियों का चयन किया। संचालक पदों के साथ अध्यक्ष व सचिव के लिए हुए निर्वाचन में संचालक पद के लिए गौरव चंद्राकर ने बतौर उम्मीदवार 14 मार्च को नामांकन दाखिल किया एवं 418 मत प्राप्त करते हुए लगातार चौथी बार संचालक पद चुने गए। वहीं अध्यक्ष राहुल चंद्राकर एवं सचिव पद पर कमलेश चंद्राकर ने पुनः एकतरफा जीत दर्ज की है।

### मिनी स्टेडियम में विविध आयोजन आज

**महासमुंद।** स्वान यूथ क्लब द्वारा 19 मार्च 2026 को मिनी स्टेडियम में हिंदू नववर्ष अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत हनुमान चालीसा पाठ, दीप प्रज्ज्वलन, प्रसाव वितरण एवं रंगोली का निर्माण किया जाएगा।

### हर्ष का नवोदय विद्यालय में चयन

**झलप।** सेंट थॉमस स्कूल झलप के छात्र हर्ष ध्रुव पिता बोधन ध्रुव शिक्षक का चयन नवोदय विद्यालय सरायपाली के लिए हुआ है। हर्ष की नवोदय विद्यालय की तैयारी मनीष चंद्राकर शिक्षक के मार्गदर्शन में हुआ। साथ ही नारायण देवांगन उज्जवल लक्ष्य के ऑनलाइन क्लास के साथ सुपर 40 बागबाहरा के माध्यम से तैयारी कर रहा था। हर्ष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता गुरुजनों के साथ अपने विद्यालय के शिक्षकों को भी दिया है। हर्ष के चयन होने पर सतीश तिवारी संकुल समन्वयक के साथ साथ डूमरपाली झलप संकुल के सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।



### नवंबर माह के 650 हितग्राहियों को नहीं मिला चावल

**बिरकोनी।** शासकीय उचित मूल्य दुकान बिरकोनी में 1700 राशन कार्ड हितग्राही हैं। जिसमें 1050 हितग्राहियों को नवंबर माह का राशन वितरण किया गया। वहीं सेल्समैनों की हड़ताल के चलते 650 हितग्राही राशन से वंचित हुए। जिसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में रामाधार यादव ने की है।

## निधन

### विशंभर साहू



**सरायपाली।** ग्राम किसडी निवासी विशंभर साहू शिक्षक जो लंबे समय तक सरायपाली क्षेत्र में पदस्थ रहे। उनका आकस्मिक निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम किसड़ी में किया गया है। वे डॉ लंबोदर साहू एवं लक्ष्मीधर साहू के बड़े भाई थे।

# जब उम्मीद लौटी नन्हें सिद्धार्थ को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के तांडी परिवार के लिए जीवन उस समय गहरे संकट में आ गया, जब उनका 1 वर्ष 2 माह का नन्हा बेटा सिद्धार्थ तांडी एक गंभीर जन्मजात हृदय रोग से जूझता पाया गया। इतनी कम उम्र में ही बच्चे की नाजुक स्थिति ने परिवार को भीतर तक झकझोर दिया। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण महंगे इलाज की संभावना उनके लिए लगभग असंभव थी। हर दिन चिंता और हर रात अनिश्चितता के बीच गुजर रही थी, और माता-पिता के मन में बस एक ही प्रश्न था, क्या उनका बेटा स्वस्थ हो पाएगा।

इसी निराशा के बीच राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की शहरी चिरायु टीम आशा की किरण बनकर सामने आई। आंगनवाड़ी केंद्र में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान टीम ने सिद्धार्थ की गंभीर स्थिति को तुरंत पहचान लिया। तत्परता दिखाते हुए बिना समय गंवाए



उसे निःशुल्क उपचार हेतु चिन्हित किया गया और आगे की चिकित्सा प्रक्रिया शुरू कराई गई। शहरी चिरायु टीम के मार्गदर्शन में सिद्धार्थ को रायपुर स्थित नारायणा एमएमआई हॉस्पिटल में रेफर किया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच उपरांत ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता बताई गई। यह क्षण परिवार के लिए बेहद भावुक और चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इस बार उनके साथ था विश्वास, सरकारी योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज और अनुभवी डॉक्टरों की देखरेख, डॉक्टरों के कुशल प्रयास और समय पर मिले उपचार से सिद्धार्थ की सफल सर्जरी की गई। ऑपरेशन के बाद लगभग 10 दिनों तक उसे विशेषज्ञों की निगरानी में रखा गया, जहां धीरे-धीरे उसकी सेहत में सुधार होने लगा। अंततः सिद्धार्थ को पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

आज वही नन्हा सिद्धार्थ अपने घर में हंसता-खिलखिलाता नजर आता है। उसकी मुस्कान अब उसके परिवार के लिए सबसे बड़ी खुशी बन चुकी है। जो आंखें कभी चिंता और आंसुओं से भरी थीं, आज उनमें सुकून और कृतज्ञता झलकती है। परिजन भावुक होकर कहते हैं कि यदि शहरी चिरायु टीम समय पर नहीं पहुंचती, तो शायद उनका बेटा आज उनके साथ नहीं होता। इस सफलता के पीछे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव का मार्गदर्शन एवं शहरी चिरायु टीम डॉ. सुजाता शुक्ला, डॉ. विकास चौहान, चंद्रकला साहू सहित पूरी टीम का समर्पण का विशेष सहयोग रहा।



### जिले के शिक्षक कर्मवीर रत्न से सम्मानित किए गए

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिक्षक कला प्रतिभा एकेडमी द्वारा रायपुर के वृंदावन हाल में आयोजित शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में महासमुंद जिले शिक्षक कला प्रतिभा एकाडमी के शिक्षकों को मुख्य अतिथि मोना सेन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फिल्म बोर्ड सभाध्यक्ष कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़ के हाथों कर्मवीर रत्न से इन शिक्षकों को शाल प्रशस्ति पत्र व मोमेन्टो भेंटकर सम्मानित किए गए। सम्मानित होने शिक्षक कला प्रतिभा एकाडमी महासमुंद के संरक्षक संतोष कुमार साहू, व्याख्याता डाइट अध्यक्ष प्रमोद कुमार कन्नौजे, व्याख्याता उपाध्यक्ष रेखराम पटेल, डिगम लाल साहू, नीलू चंद्राकर, सचिव अंजू ध्रुव, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार साहू, संगठन महामंत्री राम प्रसाद साहू, सलाहकार संतोष कुमार जलक्षत्री, सह सचिव निहारिका चंद्राकर, सह सचिव गिरीश कुमार पाढ़ी, शिक्षक फूलेश्वरी दीवान शामिल है।



### चोपड़ा को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, महासमुंद के पूर्व विधायक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा को भाजपा छग प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नियुक्त किए जाने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ चोपड़ा से भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। उपस्थित भाजपा नेताओं ने डॉ विमल चोपड़ा के संगठनात्मक कौशल और जनसेवा के प्रति उनके अटूट समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश कार्यसमिति में उनकी नियुक्ति से न केवल जिले में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि प्रदेश स्तर पर पार्टी और अधिक मजबूत होगी। डॉ चोपड़ा ने कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई इस नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता हनीश बग्गा, गोविंद सिंह ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि मनीष शर्मा, नईम खान, राकेश सचदेव, विक्की गुरुदत्ता, मेघराज चंद्रसेन, पार्षद माखन पटेल, सुरेंद्र ठेठवार, महेंद्र सिक्का एवं रेखा बेहरा उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित

**महासमुंद।** जिले में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 का परिणाम नवोदय विद्यालय समिति, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित कर दिया गया है। जिसे जवाहर नवोदय विद्यालय के सूचना पटल एवं अधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है। नवोदय विद्यालय समिति से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा की प्रावधिक चयन सूची प्राप्त हो चुका है, जिसका परीक्षण उपरांत अंतिम चयन सूची जारी किया गया है। यह भी अवगत कराया गया है कि कक्षा 6वीं में प्रवेश की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से ही संपादित की जाएगी। समिति द्वारा बताया गया है कि मुख्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय से आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त होने तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की जाएगी।

# नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए नरतोरी स्कूल से तीन बच्चों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना



शासकीय प्राथमिक शाला नरतोरी संकुल मुनगासेर से तीन बच्चों तन्मय दीवान पिता अश्वनी कुमार दीवान, नीरज ठाकुर पिता बीरेंद्र कुमार ठाकुर और चनेश चक्रपाणि पिता शिवनारायण चक्रपाणि का चयन नवोदय विद्यालय सरायपाली के लिए हुआ है। विद्यालय के शिक्षक अतिरिक्त समय निकालकर बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराते आ रहे है और इसका परिणाम है कि नरतोरी से तीन बच्चों का चयन हुआ हैं।

ज्ञात हो कि यहां से हर वर्ष बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय व एकलव्य विद्यालय के लिए चयनित हो रहे हैं। उनकी इस सफलता से शाला परिवार गौरवान्वित है। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और माता - पिता के आशीर्वाद को दिया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर प्राथमिक शाला नरतोरी के प्रधान पाठक लिलेश्वर दीवान, शिक्षक अश्वनी कुमार दीवान, नोहर दीवान, रामचंद्र साहू शाला के पूर्व शिक्षक, केदारनाथ साहू, राजेंद्र कुमार साहू, सरपंच, सावित्री नीलकमल बरिहा, उपसरपंच घनश्याम चंद्राकर, पूर्व जनपद सदस्य ममता रमेश चंद्राकर, बीईओ केके वर्मा, एबीईओ रामता डे, बीआरसी भूपेश्वरी साहू, मुनगासेर प्राचार्य कौशल चंद्राकर व रूम टू रीड संस्था से गजाधर देशमुख, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कोमलमणि चक्रधारी, शिक्षाविद बीरेंद्र कुमार ठाकुर, पूर्व संकुल समन्वयक नैनसिंह चक्रधारी, संकुल समन्वयक हंसराज भारद्वाज के साथ संकुल केंद्र मुनगासेर व मोंगरापाली के साथ सभी शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### बारिश, ओला से आम, महुआ फसल को नुकसान



**नर्रा।** पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका के असर क्षेत्र में मंगलवार को अलसुबह और शाम को अंधड़ एवं ओले के साथ बारिश हुई। हलांकि, मौसम में बदलाव के कारण दिन में धूप छांव का दौर रहा। क्षेत्र में आंधी ओले के साथ बारिश से आम, महुआ फूल, सब्जी फसल को नुकसान हुआ है।

# शिक्षक राम प्रसाद साहू कर्मवीर रत्न से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन 15 मार्च रविवार को वृंदावन हाल सिविल लाईन रायपुर में किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि मोना सेन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम रही, कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे विराजमान रही। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित



शिक्षकों, समाज सेवी, साहित्यकार, कला, संस्कृति व महिला ससक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महान विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन संकुल केंद्र नर्रा विकासखंड बागबाहरा के कबाड़ से जुगाड़, नवाचारी, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित शिक्षक राम प्रसाद साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र, मोमेन्टो व शाल भेंट कर कर्मवीर रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षक साहू को सम्मान मिलने पर अधिकारी कर्मचारी, इष्ट मित्र, छत्तीसगढ़ शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के संस्थापक संजय कुमार मैथिल, अध्यक्ष मीना भारद्वाज एवं सभी पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है। इस प्रकार शिक्षक राम प्रसाद साहू को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी जिले का सलाहकार बनाये जाने पर जिले पदाधिकारियों एवं छत्तीसगढ़ शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के समस्त पदाधिकारियों के प्रति उन्होंने आभार व्यक्त किया है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में प्राथमिक शाला मोहगांव के दस बच्चे चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना




शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव, विकासखंड पिथौरा जिला महासमुंद से जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 में दस बच्चों का चयन हुआ है। चयनित बच्चों में युवराज पटेल, तुषार दास मानिकपुरी, प्रकृति प्रधान, षष्टिका प्रधान, दीक्षा साहू, भावना प्रधान, नितिन नायक, चेतना मुटकिया, असंख्य कुमार भोई, साहिल सिंह सिदार सम्मिलित हैं।

शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव में पिछले तीन वर्षों में विद्यालय के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान के कुशल मार्गदर्शन में नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में 43 बच्चों का चयन हुआ है। इन बच्चों के चयनित होने पर ग्राम पंचायत मोहगांव के सरपंच विजय बारीक, शाला प्रबन्धन समिति अध्यक्ष यशवंत बारीक, विकास खंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी डड़सेना, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक नरेश पटेल, हाईस्कूल के प्राचार्य जगदीश कुमार उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रविलाल प्रधान ने हर्ष जताया है। साथ ही विद्यालय के शिक्षक गौरीशंकर पंडा, विजय कुमार नाग, कविता बढ़ाई, नीलिमा साहू, सालिकराम बंजारे, अहीर कुमार बरिहा, ईश्वरी पटेल, बैसाखुराम भोई, लालकुमार कुर्रे और ग्राम मोहगांव के रोहित प्रधान, प्रणव प्रधान, मोहन साहू, जगतराम साव, टिकमलाल प्रधान, रमेश प्रधान, तेजराज प्रधान, बलदेव बारीक, टिकेलाल भोई सहित समस्त पंचायत प्रतिनिधि, समिति सदस्यों ने हर्ष जताया है।

### शहीद स्मारक में चलाया स्वच्छता अभियान



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। शहीद स्मारक के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने बताया कि शहीद स्मारक के आसपास जगह पर साफ सफाई किया एवं शौर्य मैराथन का आयोजन हमारे देश के शहीदों के सम्मान में 22 मार्च 2026 को प्रातः 06 पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद और मनोरमा आयल प्लांट द्वारा किया जा रहा है।

# शासकीय महाविद्यालय में मिलेट्स फूड फेस्टिवल का हुआ आयोजन



**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में श्रीअन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में श्रीअन्न (मिलेट्स) के पोषण, स्वास्थ्य एवं उपयोगिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना एवं राज्यगीत के साथ किया गया। सरस्वती वंदना एवं राज्यगीत का गायन सविता भोई एवं एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर जंतु विज्ञान ने किया। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के प्राचार्य एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को श्रीअन्न (मिलेट्स) के पोषणात्मक गुणों एवं दैनिक जीवन में इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संयोजक के रूप दीपक कुमार सहायक प्राध्यापक भौतिकी, आयोजन समिति में आरके पटेल सहायक प्राध्यापक गणित, हेमलता पटेल सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र के साथ महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर बाघ ने किया।



### सम्हर स्कूल में न्योता भोज एवं विदाई कार्यक्रम

**तेंदूकोना।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सम्हर में बीते दिनों न्योता भोज एवं कक्षा 8वीं के बच्चों का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संकुल समन्वयक गेंदराम ठाकुर के साथ साथ प्राथमिक शाला सम्हर के प्रधान पाठक केवलदास साहू, आरती ठाकुर, प्राथमिक शाला धरमपुर के प्रधान पाठिका पूनम ठाकुर, प्राथमिक शाला कोटनपाली शिक्षक मोहर मरकाम, प्राथमिक शाला बिराजपाली शिक्षक लीलाराम दीवान, प्राथमिक शाला सराईपाली के प्रधान पाठक गजेंद्र कुमार फुटान, हिरदेश्वर प्रसाद पटेल, यशवंत लाल साहू, अदिति इफ्राइम, शाला अध्यक्ष चंदन निर्मलकर, रसोइया तिरीथ बाई साहू, दामिनी यादव, स्वीपर वीरेंद्र कुमार गोरले आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेश कुमार तांडे एवं आभार प्रकट अनिल चक्रधारी ने किया।

# भाजपा नेताओं ने किया अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान का निरीक्षण, आगे वृहद श्रमदान की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा नेताओं ने सितली नाला क्षेत्र का दौरा कर स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा चलाए जा रहे 'अविरल सितली निर्मल सितली' अभियान के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा यहाँ बड़े स्तर पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया



जाएगा उपस्थित लोगों ने स्थानीय नागरिकों एवं समस्त कार्यकर्ताओं से इस नेक कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक महासमुंद व चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ विमल चोपड़ा सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता हनीश बग्गा, गोविंद सिंह ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि मनीष शर्मा, भाजपा नेता नईम खान, राकेश सचदेव, विक्की गुरुदत्ता, मेघराज चंद्रसेन, पार्षद माखन पटेल, महेंद्र सिक्का, सुरेंद्र ठेठवार उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का निर्वाचन 12 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का निर्वाचन 12 अप्रैल को होगा। 24 जिला से 15928 आजीवन सदस्य प्रबंधकारिणी समिति के 7 पदों पर मतदान करेंगे। जिला स्तर पर 55 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के संस्थापक सदस्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुकालू राम यदु एवं जगत राम यादव द्वारा समाज के प्रबंध कारिणी समिति के निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी किया गया है। जिसमें इन पदों पर निर्वाचन होगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव के एक एक पद एवं सदस्य 2 पद मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन एवं त्रृटि सुधार 18 मार्च से 20 मार्च तक मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। जिला क्रमवार 21 मार्च उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल, 22 मार्च से 25 मार्च उम्मीदवार के सूची का प्रकाशन, 26 मार्च नाम वापसी 27 मार्च उम्मीदवार के अंतिम सूची का प्रकाशन, 28 मार्च उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह आबंटन, 29 मार्च समस्त मतदान 12 अप्रैल जिला के निर्धारित मतदान केंद्र पर समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रक्रिया होगा।

